प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र,सत्र-2019-2020

कक्षा-आठवीं

विषय-हिन्दी

अवधि-तीन घंटे **पूर्णांक-80**

खण्ड-'क'-अपठित बोध(10 अंक)

निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

प्र1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यद्यपि कैंसर के बारे में लगातार जानकारियाँ बढ़ रही हैं,फिर भी यह आज भी रहस्यमयी बनी हुई है। इसका ठीक-ठीक कारण पता न होने के कारण इलाज भी पता नहीं चल पाया है। मुख्य रूप से कैंसरग्रस्त हिस्से को दवाओं से या रेडिएशन से नष्ट कर दिया जाता है या सर्जरी के द्वारा निकाल दिया जाता है। कैंसर होने की संक्षिप्त प्रक्रिया यह है कि मानव शरीर में हर वक्त बड़ी संख्या में कोशिकाएँ मरती रहती हैं और नई कोशिकाएँ बनती रहती हैं।

नई कोशिकाएँ,पुरानी कोशिकाओं के विभाजन से बनती हैं। शरीर में यह प्राकृतिक व्यवस्था रहती है कि जितनी कोशिकाओं की ज़रूरत होती है,उतनी ही बनने के बाद विभाजन बंद हो जाता है। कैंसर होने से इस प्रक्रिया में गड़बड़ी आ जाती है। शरीर में नई कोशिकाएँ बनाने का काम कुछ बुनियादी किस्म के 'स्टेम सेल' करते हैं,जो शरीर के किसी भी अंग की ज़रूरत के हिसाब से वैसी ही कोशिकाएँ बनाने लगते हैं।

क) कैंसर रहस्यमय क्यों बना हुआ है?

ख) कैंसर का मुकाबला कैसे किया जा रहा है?

ग) 'स्टेम सेल' की हमारी शरीर में क्या उपयोगिता है?

घ) रिक्त स्थान में उचित शब्द भरकर वाक्य पूरा कीजिए।

पुरानी कोशिकाओं के__________से नई कोशिकाएँ बनती हैं।

ङ) प्रत्यय और मूल शब्द अलग करके लिखिए-

प्राकृतिक,बुनियादी

च) विलोम लिखिए-व्यवस्था,हिसाब

खण्ड-‘ख’(व्याकरण-17 अंक)

प्र2 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

क) निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग करके लिखिए- 1

संपूर्ण,चिरायु

ख) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्दों की रचना कीजिए- 1

नी,इयत

ग) नीचे दिए गए शब्दों के समास-विग्रह करके समास के नाम बताइए- 2

कृष्णसर्प,सत्याग्रह

प्र3 नीचे दिए गए वाक्यों में क्रियाओं को रेखांकित कर काल बताइए- 2

क)लाला झाऊमल को खाने-पीने की कमी न थी।

ख)गौरैया बोली,मेरा भी मन टोपी पहनने को करता है।

प्र4 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए- 2

क)अमित पतंग उड़ा रहा है।(कर्मवाच्य में बदलिए)

ख)घोड़ा दौड़ता है।(वाच्यभेद बताइए)

प्र5 निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अंलकारों के नाम बताइए- 2

क)माला फेरत युग भया,फिरा न मन का फेर।

कर का मनका डारि दे,मन का मनका फेर॥

ख)बाण नहीं पहुँचे शरीर तक

शत्रु गिरे पहले ही भू पर।

प्र6 निम्नलिखित रेखांकित शब्दों के पदों का परिचय दीजिए- 2

क)उन्हें देखा तो श्रद्धा उमड़ पड़ी।

ख)मेरा मित्र बहुत अच्छा गायक है।

प्र7 निर्देशानुसार उत्तर लिखिए- 2

क)ईश्वर तुम्हें दीर्घायु करें! (अर्थ के आधार पर वाक्य-भेद बताइए)

ख)तुम बैठकर चाय पीओ। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

प्र8)निर्देशानुसार उत्तर लिखिए-

क)नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- 1

गृहस्थ,कंजूस

ख)निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के इस प्रकार वाक्य बनाइए कि उनके अर्थ स्पष्ट हो जाएँ- 1

धान-धान्य

ग)नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए- 1

जो सप्ताह में एक बार होता हो-

जो कम बोलता है-

खण्ड-'ग'-(पठित बोध-38 अंक)

प्र9 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 6

मैं अपने दूसरे भाइयों के साथ पीछे-पीछे चट्टान में घुस गई। कई वर्षों में कई मील चट्टान में घुसकर हम पृथ्वी के भीतर एक खोखले स्थान में से निकले और एक स्थान पर इकट्ठा होकर हम लोगों ने सोचा कि क्या करना चाहिए?कुछ की सम्मति में वहीं पड़ा रहना ठीक था,परंतु हममें कुछ उत्साही युवा भी थे।वे एक स्वर में बोले-हम खोज करेंगे,पृथ्वी के हृदय में घूम-घूम कर देखेंगे कि भीतर क्या छिपा हुआ है?

क)उपरोक्त गद्यांश में 'मैं' किसके संदर्भ में लिखा गया है और वह दूसरे भाइयों के साथ कहाँ चली गई?

ख)अपने भाइयों के साथ इकट्ठा होकर इनलोगों ने क्या सोचा?

ग)उत्साही युवाओं ने एक स्वर में क्या कहा?

प्र10 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 10

क)जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन-से वाक्य छापे गए?उस फिल्म में कितने चेहरे थे?स्पष्ट कीजिए।

ख)क्या बच्चों ने उचित निर्णय लिया कि अब चाहे कुछ भी हो जाए,हिलकर पानी भी नहीं पिएँगे।कामचोर कहानी के आधार पर उत्तर लिखिए।

ग)अपने विवेक के आधार पर बताइए कि क्या कभी हमें अत्यंत दयनीय हालत वाली बस में यात्रा करनी चाहिए?

घ)शुरूआत में पुरुषों ने इस आंदोलन का विरोध किया परंतु आर. साइकिल्स के मालिक ने इसका समर्थन किया,क्यों?

ङ)आपके विचार से अंग्रेज़ ने पुराना लोटा क्यों खरीद लिया होगा?

प्र11 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 6

मैया,कबहिं बढ़ैगी चोटी?

किती बार मोहिं दूध पियत भई,यह अजहूँ है छोटी।

तू जो कहति बल की बेनी जयौं,ह्वै है लाँबी-मोटी।

काढ़त-गुहत न्हवावत जैहे, ह्वैहै है लाँबी-मोटी।

काँचौ दूध पियावत पचि-पचि,देति न माखन-रोटी।

सूर चिरजीवौ दोउ भैया,हरि-हलधर की जोटी।

क)बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

ख)माँ यशोदा माखन-रोटी क्यों नहीं देती है?

ग)काव्यांश में प्रयुक्त दोउ भैया से क्या तात्पर्य है?

प्र12 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 10

क)कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं?

ख)तलवार और म्यान में से किसका मोल करना चाहिए और क्यों?

ग)अपने गाँव लौटकर सुदामा जब अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए?

घ) चोरी की बान में हौ जू प्रवीने।

इस उपालंभ के पीछे कौन-सी पौराणिक कथा है?

घ) 'सूरदास के पद' कविता में गोपियाँ बालक श्रीकृष्ण की शिकायत माँ यशोदा से करती हैं।क्या बच्चों की शरारत की शिकायत करना उचित है?अपने विचार लिखिए।

प्र13 नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 6

क) भारत छोड़ो प्रस्ताव कहाँ और कब प्रस्तुत किया गया था? इस प्रस्ताव के पास होने का क्या प्रभाव पड़ा?

ख) शिवाजी कौन थे? उनके बारे में संक्षिप्त विवरण दीजिए।

ग) ब्रिटिश सरकार की क्या कूटनीति थी?

खण्ड-'घ'(लेखन-15 अंक)

प्र14 नीचे दिए गए किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए- **10**

क) निरक्षरता : एक अभिशाप

*भूमिका

*निरक्षरता के कारण

*निरक्षरता से हानि

*निरक्षरता दूर करने के उपाय

*उपसंहार

ख) परहित सरिस धरम नहिं भाई

*प्राचीन काल से ही परमार्थ धर्म व पुण्य का कार्य

*मानवीय गुणों में इसे सर्वोच्च स्थान प्राप्त

*इतिहास व पुराणों में अनेक उदाहरण

*व्यक्तिगत जीवन में परोपकार का महत्त्व

*उपसंहार

ग) प्लास्टिक पर्यावरण के लिए खतरा

*विज्ञानों की देनों का संक्षिप्त परिचय

*प्लास्टिक का जन्म,उपयोगिता

*प्लास्टिक से होने वाली हानियाँ

*प्लास्टिक के पुनर्चक्रण की आवश्यकता

*उपसंहार

प्र15 नीचे दिए गए पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए- 5

अपने विद्यालय के पुस्तकालय की विशेषता बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

अथवा

आपके इलाके में सड़कें टूटी-फूटी हैं तथा जगह-जगह पर स्पीड-ब्रेकर हैं,जिससे वाहन चालकों एवं इलाके में रह रहे निवासियों को असुविधा होती है। अपने इलाके की इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्य-अधिकारी को पत्र लिखिए।